**Regarding train services in Patiala**

डॉ. धर्मवीर गांधी (पटियाला) : मैडम चेयरमैन, मैं अपने क्षेत्र पटियाला का एक महत्वपूर्ण विषय सदन के सामने रखना चाहता हूं । पटियाला हमारे मालवा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण शहर है । इस क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं की बहुत कमी है । पिछले दस सालों से इस क्षेत्र की अवहेलना हो रही है । हालांकि राजपुरा-बठिंडा तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण भी हो चुका है । इस लाइन का बिजलीकरण भी हो चुका है, लेकिन अभी तक वहां के लिए कोई प्रीमियम ट्रेन नहीं चलाई गई है । कोई वंदे भारत ट्रेन नहीं चलाई गई है । कोई जन शताब्दी ट्रेन नहीं चलाई गई है । पंजाब के इस मालवा क्षेत्र को सिर्फ 10 परसेंट सुविधाएं दी जाती हैं । यह क्षेत्र पंजाब का दो-तिहाई बनता है । बाकी पंजाब के 10 परसेंट क्षेत्र को 90 परसेंट सुविधाएं दी जाती हैं । आज हमारे क्षेत्र के साथ भेदभाव हो रहा है । मैं अपने क्षेत्र मालवा और पटियाला के बारे में रेल मंत्री जी से विनती करना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र की जो अवहेलना हो रही है, जिन सुविधाओं की कमी है, उसको पूरा किया जाए । वहां के लिए प्रीमियम ट्रेन चलाई जाए । वंदे भारत ट्रेन भी चलाई जाए । अगर संभव हो सके तो जन शताब्दी ट्रेन भी चलाई जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।? (व्यवधान)